उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्याः 807/08 /E-4/JE(DR)/2023–24 **दिनांक : 05 दिसम्बर, 2023**

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा–2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–**A-1/JE(DR)/E-4/2023-24, दिनाँक 14.10.2023** द्वारा **विज्ञापित उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता परीक्षा–2023** का आयोजन **दिनाँक 23, 24, 26 एवं 27 दिसम्बर, 2023** को उत्तराखण्ड राज्य के **13 जनपदों के 14 नगरों** के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में किया जायेगा।

2. दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु श्रुतलेखक (scribe) के संबंध में प्राविधान का उल्लेख विज्ञापन के **परिशिष्ट–5** व **परिशिष्ट–6** में किया गया है।

3. ऑनलाइन आवेदन–पत्र में स्वयं श्रुतलेखक (scribe) लाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थी की दिव्यांगता प्रतिशत 40 से अधिक होने की दशा में विज्ञापन का **परिशिष्ट–5(1) एवं परिशिष्ट–5(2)** एवं दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम होने की दशा में **परिशिष्ट–6(1) एवं परिशिष्ट–6(2)** पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ **परिशिष्ट–5(2)/परिशिष्ट–6(2)** में किये गये दावे के आधार पर शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका/प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में **दिनाँक 12 दिसम्बर, 2023** तक डाक द्वारा अथवा ई0–मेल soexamfour@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4. ऑनलाइन आवेदन–पत्र में आयोग द्वारा श्रुतलेखक (scribe) उपलब्ध कराये जाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थी, दिव्यांगता प्रतिशत 40 से अधिक होने की दशा में विज्ञापन के **परिशिष्ट–5(1)** एवं दिव्यांगता प्रतिशत 40 से कम होने की दशा में **परिशिष्ट–6(1)** पर निर्गत प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में **दिनाँक 12 दिसम्बर, 2023** तक डाक द्वारा अथवा ई0–मेल soexamfour@gmail.com के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। दिव्यांग अभ्यर्थी **परिशिष्ट–5(1) व 5(2) एवं परिशिष्ट 6(1) व 6(2)** आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी, जिनके द्वारा श्रुतलेखक आयोग कार्यालय से उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, उक्त दिव्यांग अभ्यर्थी **परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात 21 दिसम्बर, 2023** को कार्यावधि में अपने आवंटित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते है।

Sd/-

(जी0 एस0 रावत)
सचिव